# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya
Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026
'A' Grade NAAC Accredited
(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)
Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629


## हवन यज्ञ के साथ नए शैक्षणिक सत्र 2026–27 का शुभारंभ

वैदिक मंत्रोच्चारण से गूंजा महाविद्यालय परिसर, छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना

फतेहपुर पूंडरी। आज दिनांक 13 अगस्त 2026 को चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र 2026–27 का शुभारंभ हवन यज्ञ एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ चौधरी ईश्वर सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया । कार्यक्रम का आयोजन डॉ शकुंतला सिंगला की अध्यक्षता में डॉ. पुष्पा रानी , और संगीता सिंगला के संयोजन में किया गया।

हवन यज्ञ में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला, सभी शिक्षिकाओं, गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों एवं छात्राओं ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया और विधिवत आहुतियां दीं। वैदिक मंत्रोच्चारण से पूरा महाविद्यालय परिसर आध्यात्मिक एवं सकारात्मक ऊर्जा से भर गया।

इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने छात्राओं को नए सत्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्त करना नहीं, बल्कि छात्राओं में संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना भी है।

प्रबंधक समिति के अध्यक्ष चौधरी तेजवीर सिंह जी ने भी महाविद्यालय परिवार को नए सत्र की शुभकामनाएं दीं और छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

संयोजिका डॉ. पुष्पा रानी और संगीता सिंगला ने कहा कि हवन यज्ञ भारतीय संस्कृति एवं परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। नए सत्र का शुभारंभ सकारात्मक ऊर्जा एवं मंगलकामनाओं के साथ करना छात्राओं में भारतीय संस्कारों एवं सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरुकता उत्पन्न करता है।

हवन के माध्यम से महाविद्यालय परिवार ने नए सत्र में ज्ञान, संस्कार, सफलता, सुख-समृद्धि एवं छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगलकामना की। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ। नए शैक्षणिक सत्र 2026–27 के शुभारंभ पर आयोजित हवन यज्ञ में आहुति देते हुए प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला, संयोजिका डॉ. पुष्पा रानी, शिक्षिकाएं एवं छात्राएं।

# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026

'A' Grade NAAC Accredited

(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)

Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629


---


पंजाब केसरी

FRI, 14 AUGUST 2026

EDITION: KAITHAL KESARI, PAGE NO. 4


## हवन के साथ चौ. ईश्वर सिंह महिला शिक्षा महाविद्यालय का नया शैक्षणिक सत्र शुरू

पूंडरी, 13 अगस्त (अतुल): चौधरी ईश्वर सिंह महिला शिक्षा महाविद्यालय फतेहपुर-पूंडरी में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ हवन, वैदिक मंत्रोच्चारण एवं चौधरी ईश्वर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला की अध्यक्षता में हुआ, जबकि संयोजन डॉ. पुष्पा रानी और संगीता सिंगला ने किया।

हवन में प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला सहित महाविद्यालय की शिक्षिकाओं, गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों और छात्राओं ने श्रद्धापूर्वक भाग लेते हुए विधिवत आहुतियां डालीं। डॉ. शकुंतला सिंगला ने छात्राओं को नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान प्राप्त करना नहीं है, बल्कि छात्राओं में संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों और नेतृत्व क्षमता का विकास करना भी है। उन्होंने छात्राओं से नए सत्र में पूरी लगन और मेहनत के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का आह्वान किया।

प्रबंधक समिति के अध्यक्ष चौधरी तेजवीर सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कारों का समावेश विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

संयोजिका डॉ. पुष्पा रानी और संगीता सिंगला ने कहा कि हवन भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ सकारात्मक ऊर्जा और मंगलकामनाओं के साथ करने से छात्राओं में भारतीय संस्कारों एवं सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।



हवन में आहुति डालते हुए प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला, शिक्षिकाएं एवं छात्राएं। (अतुल)

# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026
'A' Grade NAAC Accredited
(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)
Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629



दैनिक भास्कर कैथल भास्कर 14-08-2026


॥ समाज-संस्था ब्रीफ ॥

## हवन के साथ चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में नए सत्र का शुभारंभ



पूंडरी | चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में गुरुवार को नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ हवन एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय संस्थापक चौधरी ईश्वर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला, शिक्षिकाओं, गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों और छात्राओं ने हवन में आहुति दी। प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्त करना नहीं, बल्कि छात्राओं में संस्कार, अनुशासन, आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों और नेतृत्व क्षमता का विकास करना भी है। प्रबंधक समिति अध्यक्ष जवीर सिंह ने नए सत्र की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम संयोजक डॉ. पुष्पा रानी और संगीता सिंगला ने हवन को भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। समापन प्रसाद वितरण से हुआ।

# Ch. Ishwar Singh Kanya Mahavidyalaya

Fatehpur Pundri, Distt. Kaithal (Haryana) 136026

'A' Grade NAAC Accredited

(Affiliated to Kurukshetra University, Kurukshetra)

Web. : www.ciskmv.com E-mail: ciskmv1@gmail.com Office: 83075-38629

